# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (25.09.2024)



**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 25.09.2024, PAGE-05**

गौरव • डीडी नेशनल पर हर शनिवार को तय है उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए समय

# दूरदर्शन पर दिखेंगी बीआरएबीयू की उपलब्धियां, 20 मिनट का होगा समय

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

### विवि की ओर से तैयार की जा रही शैक्षणिक उपलब्धियों की डॉक्यूमेंट्री

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की उपलब्धियां दूरदर्शन के नेशनल चैनल पर दिखेंगी। इसके लिए 20 मिनट का समय निर्धारित हुआ है। यह विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। दूरदर्शन से सहमति मिलने के बाद विश्वविद्यालय की ओर से वीडियो तैयार किया जा रहा है। इसमें शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ ही बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सेवाओं को भी शामिल किया जाएगा। साथ ही हाल में विश्वविद्यालय के स्तर से किए गए प्रयास भी दूरदर्शन के माध्यम से बिहार सहित देशभर के लोग जान सकेंगे। दूरदर्शन पर उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए हर शनिवार को सुबह 20 मिनट का समय तय किया गया है। इसमें पूरे समय किसी एक यूनिवर्सिटी या कॉलेज के बारे में पूरी जानकारी डॉक्यूमेंट्री टाइप की वीडियो के माध्यम से प्रसारित की जाती है। दूरदर्शन की इस पहल के बाद आईआईटी व एनआईटी सहित राष्ट्रीय स्तर के संस्थान ही अबतक कार्यक्रम का हिस्सा बन सके। पहली बार स्टेट यूनिवर्सिटी को अपनी उपलब्धि बताने का मौका मिल रहा है। वहीं, बीआरएबीयू बिहार का पहला इंस्टीट्यूट भी होगा। कार्यक्रम को लेकर पिछले दिनों दूरदर्शन के साथ सहमति बनने के बाद से तैयारी शुरू कर दी गई है। हालांकि, विश्वविद्यालय के अधिकारी अभी सीनेट चुनाव में व्यस्त हैं। बुधवार को मतगणना के बाद इससे छुट्टी मिल जाएगी। गुरुवार से इसकी तैयारी तेज हो जाएगी।

**विवि सहित बिहार के लिए यह बड़ा अवसर, शैक्षणिक माहौल, इंफ्रास्ट्रक्चर व उपलब्धियों से अवगत कराएंगे : कुलसचिव**

कुलसचिव डॉ. अपराजिता कृष्णा ने बताया कि विवि सहित बिहार के लिए यह बड़ा अवसर होगा। दूरदर्शन के नेशनल चैनल के माध्यम से हम अपने यहां के शैक्षणिक माहौल, इंफ्रास्ट्रक्चर और छात्रों की उपलब्धियों को लोगों के बीच पहुंचा सकेंगे। इसके लिए 20 मिनट का समय बिहार विश्वविद्यालय को मिला है। आने वाले दिनों में किसी शनिवार को सुबह कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

# शिक्षक प्रतिनिधि के लिए मतों की गिनती आज, सेंट्रल लाइब्रेरी में बने हैं तीन काउंटर

सीनेट चुनाव : सुबह 10.30 बजे से होगी ए, बी व सी कैटेगरी के मतों की गिनती

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सीनेट में शिक्षक प्रतिनिधि के लिए बुधवार को वोटों की गिनती होगी। इसके लिए सेंट्रल लाइब्रेरी के कॉन्फ्रेंस हॉल में तीन काउंटर बनाए जाएंगे। ग्रुप ए, बी व सी के वोटों की गिनती अलग-अलग टेबल पर होगी। सुबह 10.30 बजे से मतगणना शुरू होगी। शाम तक सभी पदों के लिए गिनती पूरी होने की उम्मीद है।

मतगणना काउंटिंग के बाद ही सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर रजिस्ट्रार डॉ. अपराजिता कृष्णा ने बताया कि काउंटिंग की तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि की मौजूदगी में बैलेट बॉक्स खोलने के साथ ही काउंटिंग की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। विश्वविद्यालय में सीनेट के कुल 106 सदस्य होते हैं। इसमें 15 सीटें शिक्षक प्रतिनिधि के लिए हैं। अंगीभूत कॉलेजों से सबसे अधिक 9 सीटें हैं।

वहीं, पीजी डिपार्टमेंट और संबद्ध कॉलेजों से 3-3 प्रतिनिधि रहते हैं। 3 कैटेगरी में कुल 2067 शिक्षकों को वोटर बनाया गया था। सोमवार को 13 पदों के लिए मतदान हुआ है, जबकि पीजी डिपार्टमेंट के 2 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया है। मुजफ्फरपुर सहित 14 जिलों में मतदान हुआ था।

सभी जिलों से बैलेट बॉक्स सेंट्रल लाइब्रेरी स्थित स्ट्रांग रूम में रखे गए हैं। विश्वविद्यालय की ओर से काउंटिंग को लेकर नोटिस जारी किया गया है। सभी प्रत्याशियों से कहा गया है कि वे खुद या उनके प्रतिनिधि सुबह 10.30 बजे से पहले काउंटिंग स्थल पर पहुंच जाएं।

**प्रेफरेंस सिस्टम के कारण रिजल्ट जारी करने में होगी देर**

संभावना है कि प्रेफरेंस सिस्टम के कारण फाइनल रिजल्ट तैयार करने में समय लगेगा। हालांकि, सबसे पहले पीजी डिपार्टमेंट का रिजल्ट आएगा। इसमें दो उम्मीदवार हैं और कुल 94 वोट पड़े हैं। इसलिए प्रथम और द्वितीय वरीयता वाले वोटों की गिनती समय से पूरी कर ली जाएगी। वहीं, ग्रुप बी और सी में प्रत्याशियों की संख्या अधिक है। सभी को मिले वोटों की गिनती प्रेफरेंस के आधार पर की जाएगी। इसके बाद अंतिम परिणाम की घोषणा की जाएगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**


**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 25.09.2024, PAGE-05**


# दो अक्टूबर से शुरू होगा बिहार विश्वविद्यालय का हेल्थ सेंटर



विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर का निरीक्षण करते कुलपति।

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय का स्वास्थ्य केंद्र 2 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा। यहां चल रहे निर्माण कार्यों का कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान कुलपति ने स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्री सहित अन्य निर्माण कार्यों को 2 अक्टूबर तक पूर्ण करने और स्वास्थ्य केंद्र को संचालित करने के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के पूर्व सुपरिटेंडेंट प्रो. जीके ठाकुर व वरीय चिकित्सक डॉ. राजेश जायसवाल उपस्थित रहे। प्रो. ठाकुर व डॉ. जायसवाल ने स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित कई सुझाव कुलपति को दिए।

**Ref:.....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:25.09.2024, PAGE-06**

## वीसी ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र को शुरू करने की दिशा में चल रहे निर्माण कार्यों का कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने मंगलवार को निरीक्षण किया। कुलपति ने स्वास्थ्य केंद्र की चहादीवारी सहित अन्य निर्माण कार्यों को दो अक्टूबर तक पूरा करने तथा स्वास्थ्य केंद्र को संचालित करने के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग शाखा के पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि दो अक्टूबर को विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE-25.09.2024, PAGE-06**

## सीनेट चुनाव की मतगणना आज, शाम तक परिणाम

मुजफ्फरपुर, प्रसं। सीनेट चुनाव की मतगणना बुधवार को होगी। मतगणना सुबह 10.30 बजे सीनेट हॉल में शुरू होगी। रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्णा ने बताया कि मतगणना की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। शाम तक परिणाम घोषित हो जाएंगे। सबसे पहले पीजी का रिजल्ट आएगा।

पीजी में सबसे कम 96 वोटर हैं और दो उम्मीदवारों के बीच लड़ाई है। इसके बाद अंगीभूत कॉलेजों का रिजल्ट जारी होगा। संबद्ध कॉलेजों में सबसे अधिक वोटर हैं, इसलिए संबद्ध कॉलेजों की गिनती में समय लग सकता है। पीजी श्रेणी में दो उम्मीदवार निर्विरोध जीत चुके हैं। सीनेट चुनाव में 36 उम्मीदवारों के बीच लड़ाई है। बीआरएबीयू में 12 वर्षों के बाद सीनेट का चुनाव हुआ है। चुनाव 15 सीटों के लिए हुआ है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 25.09.2024, PAGE-06**

# दूरदर्शन पर होंगी विश्वविद्यालय की उपलब्धियां

**बीआरएबीयू प्रदेश का होगा पहला विश्वविद्यालय, दूरदर्शन से संपर्क किए जाने के बाद डाक्यूमेंट्री की चल रही तैयारी**

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की उपलब्धियां अब दूरदर्शन पर प्रसारित होंगी। इसमें विश्वविद्यालय के विभाग, राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां, छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन, शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य से लेकर अन्य बेहतर व सकारात्मक चीजों को शामिल किया जाएगा। दूरदर्शन पर इसका प्रसारण 20 मिनट तक होगा। इसमें प्रशासनिक भवन, विभाग से लेकर अन्य हिस्सों को दिखाया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता में पुरस्कार पाने वाले छात्र-छात्राओं के इंटरव्यू को भी इसमें शामिल किया जाएगा। दूरदर्शन के स्तर से संपर्क किए जाने के बाद विश्वविद्यालय डाक्युमेंट्री तैयार करने में जुट गया है। इसके बाद शनिवार को 20 मिनट का स्लाट विश्वविद्यालय के लिए होगा। कंटेंट तैयार कर उसे दूरदर्शन को भेजा जाएगा। इसके बाद प्रसारण तिथि की जानकारी विश्वविद्यालय को दी जाएगी। दूरदर्शन पर हर शनिवार को 20 मिनट के स्लाट के तहत शैक्षणिक संस्थानों को अपनी उपलब्धियां दिखाने के लिए आमंत्रित किया जाता है। अब तक बिहार के किसी भी विश्वविद्यालय ने अपने सकारात्मक परिवर्तन को दूरदर्शन पर प्रसारित नहीं किया है।

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ऐसा पहला विश्वविद्यालय बना है जो डीडी पर अपने सकारात्मक बदलावों को दिखाएगा। इससे पहले आइआइटी से लेकर एनआइटी और अन्य राष्ट्रीय संस्थानों की ओर से तैयार वीडियो कंटेंट का प्रसारण किया जा चुका है। रजिस्ट्रार डा.अपराजिता कृष्णा ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि होगी।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 25.09.2024, PAGE-09**

# मतगणना आज, अधिकतर नए चेहरे जीतकर आएंगे सामने

**सीनेट चुनाव**

**10:30 बजे सेंट्रल लाइब्रेरी में शुरू होगी मतगणना, सबसे पहले आएगा पीजी विभागों के प्रतिनिधि का परिणाम**



**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 12 वर्षों के बाद सीनेट चुनाव का परिणाम बुधवार को आएगा। जीत-हार किसी की हो, लेकिन अब विश्वविद्यालय का सीनेट नए रूप में दिखेगा। अधिकतर नए चेहरे ही दिखेंगे। कई पुराने चेहरे अब सवाल पूछते नजर नहीं आएंगे। अधिकतर उम्मीदवार सदस्य पहली बार जीतकर सीनेट में पहुंचेंगे। नए सदस्य अब शिक्षकों-कर्मचारियों से लेकर छात्र-छात्राओं की आवाज बनेंगे। एकाध पुराने चेहरों का पलड़ा भी भारी है। उनका चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। दूसरी ओर कई ऐसे भी हैं जो पूर्व में सीनेट सदस्य के रूप में अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर चुके हैं।

पीजी विभागों के लिए चुने जाने वाले प्रतिनिधि पहली बार सीनेट में पहुंचेंगे। वहीं अंगीभूत कालेज, संबद्ध कालेजों से लेकर तकनीकी कालेजों के लिए भी यही स्थिति होगी। परिणाम से पहले उम्मीदवारों की धड़कन बढ़ गई है। मंगलवार को दिनभर कयास का दौर चला। समर्थक से लेकर खुद उम्मीदवार जीत का गुणा-गणित करने में जुटे रहे। दूसरी ओर कई उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ चुनाव से ठीक पहले भितरघात व पाला बदलने वाले वोटरों पर भी चर्चा करते दिखे। दूसरी ओर बुधवार को सेंट्रल लाइब्रेरी में मतगणना की शुरुआत 10.30 बजे होगी। इसके लिए सेंट्रल लाइब्रेरी के कान्फ्रेंस हाल में तीन काउंटर बनाए गए हैं। तीन इलेक्टोरल कैटेगरी के लिए अलग-अलग तीन काउंटर होंगे। सबसे पहले पीजी विभाग यानी इलेक्टोरल कैटेगरी ए के लिए परिणाम जारी होगा। कारण, इसमें वोटर और उम्मीदवारों की संख्या कम है। सभी सीटों के लिए गिनती की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही अंतिम परिणाम जारी किया जाएगा। बैलेट पेपर में प्राथमिकता का विकल्प होने के कारण विजेताओं की घोषणा होने में देरी हो सकती है। पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल करने वाले उम्मीदवारों को मिले मत की गणना के बाद इसे मिलान भी करना होगा। रजिस्ट्रार सह रिटर्निंग आफिसर डा. अपराजिता कृष्णा ने बताया कि सभी उम्मीदवारों की मौजूदगी में बैलेट बाक्स खोला जाएगा। 14 जिलों में चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आए हुए बैलेट बाक्स को सेंट्रल लाइब्रेरी में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। सोमवार देर रात सभी उम्मीदवारों व प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इसे सील किया गया था। मतगणना के लिए सभी उम्मीदवारों को सूचना दी गई है कि वे सुबह 10.30 बजे तक काउंटिंग स्थल पर पहुंच जाएंगे। उल्लेखनीय है कि सीनेट में 12 शिक्षक प्रतिनिधियों के चयन के लिए सोमवार को मुजफ्फरपुर समेत प्रदेश के 14 जिलों में वोटिंग हुई है। दूसरी ओर राजभवन की ओर से भी चुनाव की मानीटरिंग की गई है। वहीं परिणाम भी राजभवन जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 25.09.2024, PAGE-06

## दूरदर्शन पर बीआरएबीयू की उपलब्धियां दिखेंगी

**मुजफ्फरपुर.** अब दूरदर्शन के नेशनल चैनल पर बीआरएबीयू से जुड़ी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा. 20 मिनट के स्लॉट में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को दिखाया जाएगा. दूरदर्शन की ओर से इसकी स्वीकृति दे दी गयी है. इसके बाद विवि से उपलब्धियों को वीडियो क्लिप के रूप में तैयार किया जा रहा है. शैक्षणिक उपलब्धियों से लेकर आधारभूत संरचनाओं और छात्र-छात्राओं को मुहैया की जा रही सुविधाओं की भी इसमें जानकारी दी जाएगी. दूरदर्शन ने पहल की है कि किसी भी विवि या कॉलेज के बारे में प्रत्येक शनिवार को 20 मिनट की डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की जाएगी. विवि पहला संस्थान होगा जिसे सबसे पहले उपलब्धियों को यहां प्रदर्शित करने का मौका दिया गया है.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 25.09.2024, PAGE-04

## सीनेट चुनाव : मतों की गिनती के बाद आज रिजल्ट

- अलग-अलग टेबल पर होगी तीनों कैटेगरी के वोटों की गिनती, प्रतिनिधि की मौजूदगी में खुलेगा बैलेट बॉक्स
- सुबह 10.30 से शुरू होगी गिनती, 15 पदों के लिए 12 वर्षों के बाद हुआ है सीनेट में शिक्षक प्रतिनिधियों का चुनाव

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर.**

बीआरएबीयू के सीनेट सभागार में सीनेट में शिक्षक प्रतिनिधियों के चयन को लेकर बुधवार को मतगणना होगी. तीनों ग्रुप के लिए अलग-अलग काउंटर बनाये गये हैं. अलग-अलग टेबल लगाया गया है. यहां ग्रुप ए, बी और सी के लिए मतगणना होगी. सुबह 10.30 बजे से मतों की गिनती शुरू की जायेगी. देर शाम तक इसे पूरा होने की उम्मीद है. प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधियों के सामने ही बैलेट बॉक्स को खोला जायेगा. चुनाव की रिटर्निंग ऑफिसर डॉ अपराजित कृष्णा ने कहा है कि काउंटिंग मतों की गिनती पूरी होने के बाद विजेता की घोषणा की जायेगी. वहीं उन्हें प्रमाणपत्र भी दिया जायेगा. इसको लेकर सीनेट सभागार में सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. सभी प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों को मतगणना शुरू होने से पूर्व ही वहां पहुंचने को कहा गया है. ग्रुप ए में दो प्रत्याशी आमने-सामने हैं. इसमें मतदाताओं की संख्या सबसे कम है. ऐसे में उम्मीद है कि सबसे पहले इसी का परिणाम आयेगा. वहीं ग्रुप बी और सी के लिए मतों की गिनती देर शाम तक चलने की उम्मीद है. बता दें कि सोमवार को 14 जिलों में 15 शिक्षक प्रतिनिधियों के चयन को लेकर मतदान हुआ था. 2067 में से कुल 82 प्रतिशत वोटरों ने मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा लिया था. शिक्षकों ने 12 वर्षों के बाद हुए मतदान को सुखद बताया था.



**तीन वर्ष का होता है सदस्य का कार्यकाल, आखिरी बार 2012 में हुआ था चुनाव :** सीनेट, विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी निकाय होती है. इसमें सदस्यों की कुल 106 सदस्य होते हैं. इसमें से 15 पद शिक्षक प्रतिनिधियों का होता है. तीन वर्ष के लिए इनका निर्वाचन किया जाता है, लेकिन 2012 के बाद से 12 वर्ष बीतने के बाद इसबार चुनाव कराया गया. शिक्षकों ने मांग किया है कि प्रत्येक तीन वर्ष पर शिक्षक प्रतिनिधियों का चयन होना चाहिए.